www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

वर्ष-1 अंक-210 सागवाड़ा, गुरुवार, 7 अप्रेल, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editor.wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

# राणा पूंजा की मूर्ति लगाने को लेकर आदिवासी परिवार ने नगरपरिषद का किया घेराव

## 3 घंटे तक चौरासी विधायक के नेतृत्व में नगरपरिषद के बाहर दिया धरना, सड़क पर धरने से लगा रहा जाम






**डूंगरपुर।** शहर के सदर थाना सर्किल पर राणा पूंजा की मूर्ति 3 साल से नही लगाने का विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। राणा पूंजा की मूर्ति लगाने की मांग को लेकर चौरासी से बीटीपी विधायक के नेतृत्व में आदिवासी परिवार ने नगरपरिषद का घेराव कर धरना दिया । वही सड़क पर लगाये धरने से मार्ग पर जाम रहा जिससे लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

डूंगरपुर शहर में सदर थाना सर्किल पर राणा पूंजा की मूर्ति लगाने की मांग को लेकर चौरासी से बीटीपी विधायक राजकुमार रोत के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में आदिवासी परिवार के लोगो ने पहले शहर में जुलूस निकाला और फिर पुराना शहर स्थित नगर परिषद भवन पहुंचे। इधर सेकडो लोगो के नगर परिषद जाकर वहा रखी राणा पूंजा की मूर्ति को कब्जे में लेने के प्रयास की भनक पुलिस को लग चुकी थी। वही इस बीच शहर माहौल बिगड़ने की आशंका के चलते नगर परिषद का मैन गेट बन्द कर दिया गया और मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। वही रैली के रूप में आदिवासी परिवार के सैकड़ो लोग एमएलए राजकुमार रोत के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट से नगरपरिषद तक पहुंचे तो नगर परिषद का मैन गेट बंद देखकर मौके पर नारेबाजी करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया गया और वही पर बैठकर सभा शुरू कर दी। इस मौके पर विधायक राजकुमार रोत ने कहा की 3 सालो से नगर परिषद ने मूर्ति को बनाकर रखा है लेकिन उसे स्थापित नही किया जा रहा हे जबकि इसे लेकर कई बार आंदोलन हुए और मांग नहीं माने जाने के कारण आज आक्रोश इतना बढ़ गया। इधर कांकरी डूंगरी दंगो जैसे हालात की संभावना का डर व्यापारियों में दिखा और कई दुकानें बंद हो गई। इसी बीच एक प्रतिनिधिमंडल सभापति और आयुक्त से मिला और अब तो शहर में लगी प्रतिमाओं की कानूनी प्रक्रिया की जानकारी मांगी, जो परिषद उपलब्ध नही करवा सकी। इधर एमएलए राजकुमार ने कहा की 7 दिन में मूर्ति नगर परिषद लगा दे। और उसे लेकर प्रस्तावित समारोह की कुछ शर्ते रखी लेकिन सभापति ने कहा की शर्ते मानने के लिए प्रशासन ही अधिकृत है। विवाद थमता नहीं देख विधायक राजकुमार रोत, आदिवासी परिवार के लोगो व नगरपरिषद के सभापति अमृतलाल ने कलेक्टर से भी मुलकात की। जिसमे विधायक ने 7 दिन में मूर्ति की स्थापना करने की मांग की है।



# स्वतंत्रता सेनानी स्व.जगन्नाथ पंड्या की 32वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**सागवाड़ा।** स्वतंत्रता सेनानी स्व.जगन्नाथ पंड्या की 32वी पुण्यतिथि पर ग्रामवासियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। निकटवर्ती गांव भीलूडा में स्वतंत्रता सेनानी स्व.जगन्नाथ पंड्या की 32वी पुण्यतिथि ग्रामीणों ने मनाई। पुण्यतिथि पर सेलोता मोड़ स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्वतंत्रता आन्दोलन में उनकी सक्रीय भागीदारी एवं गाव के विकास में उनके योगदान को याद किया गया। वही ग्रामीणों ने स्व.जगन्नाथ पंड्या के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताये गए पदचिन्हों पर चलने की बात कही। इस अवसर पर स्व.जगन्नाथ पंड्या द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों को याद किया गया। इस दौरान सरपंच प्रवीण डामोर, पूर्व उपप्रधान नरेन्द्र पंड्या, पूर्व सरपंच जवाहर भाटिया, भारत विकास परिषद के तुलजाशंकर, लोकेश भट्ट, सुनील भट्ट, राजेश भट्ट, नरेन्द्र पंड्या, मानशंकर भट्ट, रजनीश पंचाल, भोगीलाल सुथार, धर्मेन्द्र जैन, प्रमोद मेहता, अनिता पंड्या, राज रेबाडी, सुनील पंडया, सुनील सोनी, सुभाष भट्ट, अमृतलाल पंचाल, विधानिकेतन प्राचार्य दिनेश व्यास, गोरीशंकर पंडया, दीनबंधु पंडया, सुरेश पंडया, महेश पंडया, कान्तादेवी भट्ट, मंगला पंड्या, कन्हैयालाल पंचाल, नटवरलाल पंचाल, रवि जैन, अमृतलाल पंचाल, निखिल पंड्या सहित कई जनप्रतिनिधि ग्रामवासी मौजूद रहे।

# गर्मी ने 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ा, पारा 45 पार



**जयपुर।** राजस्थान में मई-जून में पड़ने वाली तेज गर्मी की मार लोगों को इस बार अप्रैल के शुरुआती दिनों में ही झेलनी पड़ रही है। राज्य में गुरुवार को जालोर में सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। एक दशक में पहली बार ऐसा हुआ है जब किसी शहर में पारा 10 अप्रैल से पहले 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा हो। बांसवाड़ा, बाड़मेर समेत 6 शहरों में दिन का पारा 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। आज सभी शहरों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों में दिन में गर्म हवा के थपेड़े भी पड़े। जयपुर मौसम केन्द्र के सीनियर वेदर साइंटिस्ट हिमांशु शर्मा की माने तो तापमान में बढ़ोतरी के पीछे पाकिस्तान से आ रही हवाओं का डायरेक्ट राजस्थान में आना है। इन वेस्टर्न विंड में अरब सागर से किसी तरह की नमी नहीं मिल रही।

# नरेगा मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम से श्रमिको की दर्ज हो उपस्थित

## कोताही बरतने पर होगी कार्यवाही- जिला कलेक्टर

**गणेशपुर।** पंचायत समिति दोवड़ा सभागार में ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर शुभम चौधरी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अतुल प्रकाश के सानिध्य में हुई।

बैठक में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से विभिन्न विभागों में चल रही योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा करते हुए कहा कि तय समय पर कार्य को पूरा करे। चिरंजीवी योजना की गति बढ़ाने के साथ खराब हैण्डपम्पों को दुरुस्त करने पर जोर दिया।नरेगा योजना में एनएमएमएस के माध्यम से श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करने को लेकर ग्राम विकास



अधिकारियों को पाबंद किया। साथ ही निर्देश दिये कि आवश्यकता होने पर प्रशिक्षण कर नए योग्य मेटो को लगाया जाये। बैठक के उपरांत जिला कलेक्टर व मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोग शाला का अवलोकन कर संधारित रजिस्टर से अब तक किये गये टेस्टिंग की जानकारी ली। ब्लॉक स्तरीय बैठक में प्रधान प्रभूलाल अहारी, उपखंड अधिकारी मणिलाल तीरगर, तहसीलदार मधुसूदन जोशी, विकास अधिकारी पूनमचंद मेघवाल, अतिरिक्त विकास अधिकारी हितेश जोहियला, सीबीओ प्राणजीवन शाह, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ जयेश परमार, खाध आपूर्ति विभाग के रामचंद्र शेरावत,जल ग्रहण विभाग के मांगीलाल मेघवाल, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अजय सिंह चौहान, जल स्वस्थ अभियांत्रिकी विभाग के प्रकाश खराड़ी, लेखाधिकारी किशोर डिण्डोर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों, सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, कनिस्ट तकनीकी सहायक उपस्थित रहे।

# ज्यादा से ज्यादा कार्मिकों को प्रशिक्षित कर चिकित्सा सुविधाओं को बनाए जाए मजबूतः परसादी लाल मीणा



**जयपुर।** चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि चिकित्सा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्मिकों का प्रशिक्षित होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (सीफू) में अधिक से अधिक प्रशिक्षण करवाए जाएं ताकि आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। स्वास्थ्य मंत्री गुरुवार को सचिवालय में सीफू की गवर्निंग बोर्ड की 18वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा गत वर्ष 2739 बैचेज में 70 हजार से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने वर्ष भर की कार्ययोजना बनाकर 1 लाख लोगों को प्रतिवर्ष प्रशिक्षण देने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि संस्थान को ऑफलाइन प्रशिक्षण के साथ ऑनलाइन प्रशिक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता से पहले उन कार्मिकों का प्रशिक्षित किया जाए जिन के अभाव में मशीनों का संचालन नहीं हो पाता।

# सागवाड़ा प्रधान ईश्वर ने एक दिन के भोजन की घोषणा की, खड़गदा के राजेंद्र भट्ट होंगे मुख्य यजमान

## गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा में 12 से 14 अप्रैल को होने जा रहे 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर

**सागवाड़ा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा में आगामी 12 से 14 अप्रैल को होने जा रहे विराट 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, सप्त गो परिक्रमा मंदिर लोकार्पण, आदिशक्ति मां गायत्री प्रज्ञश्वर महादेव, पाटोउत्सव समारोह एवं निशुल्क संस्कार कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर है। सागवाड़ा के प्रधान ईश्वर लाल सरपोटा, वरिष्ठ भाजपा नेता हरीश पाटीदार, हरीश सोमपुरा ने गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा पहुंचकर निर्माणाधीन यज्ञशाला, गौशाला भोजनशाला, का अवलोकन करते हुए गायत्री परिवार सागवाड़ा द्वारा की जा रही तैयारियों को देखा। सागवाड़ा प्रधान ईश्वर सरपोटा ने तैयारियों से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उक्त आयोजन में आने वाले वाले समस्त श्रद्धालुओं को 1 दिन का भोजन देने की घोषणा की। भूपेंद्र पंड्या अतिथियों का स्वातग किया। गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी नारायण लाल पंड्या,



सहायक प्रबंधक ट्रस्टी किशोर भट्ट, हरिमुख भट्ट, उपजोंन प्रभारी कुलदीप सिंह राणावत, यज्ञशाला निर्माण के शिल्पी लक्ष्मण सिंह खींची एवं उनकी टीम जो दिन-रात विशाला निर्माण में लगी हुई है। उनके सेवा कार्य की अतिथियों ने भूरी भूरी प्रशंसा की। यज्ञशाला में गो घृत के भामाशाह नारायणलाल बनोत, स्वर्ण कलश के यजमान भारती बेन, जयेंद्र परमार वलसाड गुजरात, मुख्य यजमान रेणु बेन राजेन्द्र भट्ट खड़गदा हाल मुकाम माउंट आबू, महाप्रसाद के सहयोगी आशा बेन, विमलेश पाटीदार पटेलवाडा सागवाडा, लोकेश धूलजी महाराज बरोडीया, सप्त गौ परिक्रमा मंदिर के सहयोगी दयानंद एवं हरिकृष्ण पाटीदार चिखली, पंकज पाटीदार चीखली, नारायण लाल पंडया, दीवड़ा बड़ा, वेलजी नाथू पाटीदार, दीवडा बड़ा, मोहन वासुदेव भट्ट दीवडा बड़ा, राजकुमारी अग्निहोत्री कोटा, रमणलाल पाटीदार घाटा का गांव, रमेश चंद्र पाटीदार वनोरी बनें।

# आरयूआईडीपी के तहत शहर में होने वाले कार्यों का हुए सर्वे

* टीम ने शहरवासियों और पार्षदों की चर्चा, ईओ और जेईएन के साथ बैठक हुई
* आरयूआईडीपी के तहत 110 करोड़ में सीवरेज, वाटर सप्लाई, तालाब सौंदर्यीकरण और फोरलेन सड़क के होंगे काम

**सागवाड़ा।** शहर के तालाबों की दशा अब जल्द ही सुधरने वाली है। नगर पालिका सागवाड़ा में 110 करोड़ के प्रोजेक्ट के कार्यों को मंजूर मिलने के बाद इसके अंतिम चरण की प्रक्रिया के तहत इन कार्यों का सामाजिक सर्वेक्षण किया गया। जयपुर से आई आरयूआईडीपी की टीम ने योजना के तहत होने वाले कार्यों का मौका निरीक्षण किया।

आरयूआईडीपी के राजीव शर्मा और डा. महावीर सैनी ने उपाध्यक्ष राजुमामा शेख, ईओ मुकेश कुमार मोहिल और पार्षदों से शहर में होने वाले कार्यों के बारे में चर्चा की।

पालिका के जेईएन लोकेश पाटीदार ने बताया कि आरयूआईडीपी के तहत शहर में सड़क से लेकर सीवरेज का काम होना है। पिछले दिनों जयपुर में आरयूआईडीपी और एशियन डवलपमेंट बैंक के अधिकारियों के साथ नगर पालिका सागवाड़ा के अधिकारियों की बैठक में ऐशियन डवलपमेंट बैंक से 110 करोड़ के कार्यों को मंजूरी मिल गई है। इसके तहत सीवरेज, वाटर सप्लाई, शहर के सभी तालाबों के सौंदर्यीकरण काम होना है। इन कार्यों के होने से शहरवासियों औऱआसपास के क्षेत्र में क्या असर होगा, पर्यावरण की दृष्टि से यह काम कैसे होंगे की जानकारी के लिए सामाजिक सर्वे किया गया है। उन्होंने ने एसटीपी और एसपीएस के कार्यों की जानकारी ली।

आरयूआईडीपी के तहत शहर में सीवरेज, वाटर सप्लाई, तालाबों के सौंदर्यीकरण और सड़क के काम होने है। सागवाड़ा शहर सहित पुनर्वास कालोनी में भी वाटर सप्लाई, मैदान सुदृढ़ीकरण, सामुदायिक भवनके काम होने है। सर्वे का काम पूरा होने के बाद यह कार्य शुरू किये जा सकेंगे।

**नरेंद्र खोडनिया, अध्यक्ष, नगर पालिका सागवाड़ा**

## विप्र फाउंडेशन गोवाडी इकाई का गठन

# विमलकांत अध्यक्ष मनोनित



**सागवाड़ा।** विप्र फाउण्डेशन की गोवाडी में बैठक आयोजित हुई जिसमें गोवाडी ईकाई का गठन कर सर्वसम्मति से विमलकांत भट्ट को अध्यक्ष मनोनित किया गया।

बैठक के मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्ष प्रकाश व्यास थे। अध्यक्षता मुख्य संरक्षक तेजप्रकश जोशी ने की व विशिष्ठ अतिथि जिला महामंत्री प्रदीप कुमार गामोट एवं नगर अध्यक्ष विनय शुक्ला थे। सर्व प्रथम अतिथियों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। जिसके बाद गोवाडी ईकाई गठन पर चर्चा कर कार्यकारिणी का गठन किया जिसमे सर्व सम्मति से अध्यक्ष विमलकांत भट्ट ,महामंत्री यतिन शर्मा और महेश सेवक, उपाध्यक्ष अरविंद भट्ट, अशोक जोशी, तरुण सेवक, नवनीत शर्मा, कपिल सेवक, सचिव संजय भट्ट, सहसचिव लोचन जोशी, मीडिया प्रभारी राजकुमार रावल, संगठन मत्री दिव्यांक भट्ट, तेजकीरण भट्ट, मुख्य संरक्षक राजेन्द्र शर्मा, हरिश भट्ट, कमलेश शर्मा, राजेश सेवक को मनोनीत किया। महामंत्री प्रदीप गामोट ने इकाई के कार्य और इसके गठन के बारे में जानकारी दी। जिला अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने विप्र फाउंडेशन की स्थापना से लेकर आज तक की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

मुख्य संरक्षक तेजप्रकाश जोशी ने नाथद्वारा और बांसवाड़ा में किए गए भव्य कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। वहीं बैठक में मौजूद सदस्यों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सुभाष भट्ट, बालमुकुन्द भट्ट, कार्तिक जोशी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।